## व्यापारी पर जानलेवा हमला कर लूटपाट करने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने व्यापारी पर जानलेवा हमला कर लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात के काम ली जाने वाली पावर बाईक जब्त की है , वहीं पुलिस आरोपियों से लूटी गई चैन बरामदगी का प्रयास कर रहीं है।

पुलिस ने संभावना जताई है कि आरोपियों से अन्य लूट की वारदात का खुलासा हो सकता है। पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

एपुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि 24 अक्टूबर को आरोपी सौरभ (32) पुत्र रामप्रकाश शर्मा हाथरस उत्तर प्रदेश हाल नारायण विहार निवासी व विष्णु (33) पुत्र सुभाष कुमावत ,बसंत विहार, कुमावतों की ढाणी मुहाना मोड निवासी ने परिवादी अखिलेश शर्मा सावित्री विहार निवासी के साथ सिर पर लठ मार कर उसके गले में पहनी हुई दो तोला सोने की चैन लूट थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामला दर्ज होने के बाद अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित शर्मा विशेष टीम का गठन किया गया ।

# ‘महात्मा गांधी जी ने किया था स्वच्छग्रह, प्रधानमंत्री मोदी ने इसे जनआंदोलन बना दिया’

**जयपुर ।** गांधी जयंती के अवसर पर झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छ भारत दिवस समारोह में महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि देश में सबसे पहले स्वच्छग्रह महात्मा गांधी जी ने किया था और 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया है। आज हर गाँव और हर शहर स्वच्छता के महत्व को समझ रहा है और सक्रिय भागीदारी कर रहा है।

महामहिम राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले निगमों को सम्मानित किया। जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज को देशभर में क्रमशः 16वीं और 20वीं रैंक हासिल करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

राज्यपाल महोदय ने डिजिटल माध्यम से 8 पिंक शौचालयों का लोकार्पण किया तथा सभी उपस्थित जनों को ‘स्वच्छता शपथ’ दिलाई। समारोह में स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छता ही सेवा – 2025 की उपलब्धियों पर आधारित प्रेरक वीडियो भी प्रस्तुत किया गया।



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े गांधी जयंती के अवसर पर स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छ भारत दिवस समारोह में शमिल हुए।

- स्वच्छता ही सेवा अभियान में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों का हुआ सम्मान
- राज्यपाल महोदय ने डिजिटल माध्यम से 8 पिंक शौचालयों का लोकार्पण किया

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, स्वायत्त शासन सचिव डॉ. रवि जैन, डीएलबी निदेशक प्रतीक जुईकर, निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी और निगम हेरिटेज आयुक्त डॉ. निधि पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी, स्वच्छता प्रहरी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि देश में स्वच्छता का जनजागरण 12 वर्षों से निरंतर चल रहा है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान से आज हर घर में शौचालय है और खुले में शौच की प्रथा लगभग समाप्त हो चुकी है। आमजन ने स्वच्छता के महत्व को समझा है और आने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में राजस्थान के अधिकतर निकाय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन राजस्थान की स्वच्छता यात्रा का मील का पत्थर साबित हुआ और यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जनसहभागिता और सतत विकास की दिशा में एक राष्ट्रीय संकल्प है।

## सार-समाचार

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गांधी जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**जयपुर।** गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गांधी वाटिका का दौरा कर महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गांधी जी की जीवन यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और ''गांधी ड्रीम, मोदी विजन: आत्मनिर्भर भारत'' कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने स्वदेशी अपनाने, संस्कृति से जुड़ने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आव्हान किया।

### शस्त्र संचालन का संकल्प

**जयपुर।** गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के तत्वावधान में दादी का फाटक मुरलीपुरा के राधा कृष्ण शिव मंदिर में विजयादशमी पर शस्त्र पूजन किया गया। सालासर बालाजी के महंत डॉ. विष्णुदत्त पुजारी के सान्निध्य में विभिन्न शस्त्रों का पूजन किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को आत्म रक्षा और पीड़ितों की मदद के लिए अस्त्र-शस्त्र संचालन, कानूनी औपचारिका पूरी कर घर पर कोई न कोई हथियार रखने का संकल्प कराया। विष्णु दत्त पुजारी ने उपस्थित बच्चों को गायत्री महामंत्र का जप करने का भी आ ान किया। शारदीय नवरात्र की पूर्णाहुति पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आहुतियां प्रदान की गई। आचार्य पीठ से महेन्द्र कुमार और उमाशंकर खंडेलवाल ने कहा कि दुष्टता और उदंडता को आठ तरह के बल से ही जीता जा सकता है। साढ़े तीन सौ से अधिक कन्या-बटुकों का पूजन कर स्कूल बैग, स्टेशनरी किट, फल, दक्षिणा भेंट की गई। इस मौके पर पुष्पा पारीक, मुकेश माथुर, राजेश प्रजापति, तरुण कुमावत, राजेश माहेश्वरी, ज्योति शर्मा, मीनू माथुर सहित कार्यकर्ताओं ने आयोजन में श्रमदान किया।

### बैरवा महासभा के चुनाव मतदान 5 अक्टूबर को

**जयपुर ।** मुख्य चुनाव अधिकारी मदनलाल लालावत एवं केंद्र प्रभारी रोडूराम सुलानिया ने बताया कि अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं राजस्थान प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री के चुनाव के लिए मतदान 5 अक्टूबर को निर्धारित मतदान केंद्र बूंदी, केकड़ी, निहालपुरा दौसा, एवं डॉ भीमराव अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी झालाना जयपुर में सुबह 8:00 बजे से 4:00 बजे तक होगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महामंत्री के पद के लिए रखे गए मतदान केंद्र दिल्ली एवं इंदौर में भी 5 अक्टूबर 2025 को ही सुबह 8:00 बजे से 4:00 तक मतदान होगा सभी मतदान केंद्रों से मतपेटियां, अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी झालाना जयपुर में संकलित की जाकर, मतों की गणना 7 अक्टूबर 2025 को की जाकर परिणाम घोषित किए जाएंगे

### संघ का शताब्दी वर्ष मनाया



**जयपुर।** विजयनगर की विजयबाड़ी बस्ती का विजयादशमी उत्सव स्वयंवर मैरिज गार्डन, पथ नंबर 07,मुरलीपुरा में मनाया गया। जिसमे पुरणमल शर्मा प्रांत टोली सदस्य का बोधिक रहा कार्यक्रम की शुरुआत शस्त्र पूजन से हुई कार्यक्रम मे निःयुद्ध व योग व्यायाम का प्रदर्शन भी रहा, पुरणमल शर्मा ने कहा की विजयादशमी का उत्सव अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतिक है हमे एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जो स्वयं उठ कर समाज की कुरुतियो का प्रतिकार करे पर्यावरण, नागरिक शिष्टाचार, स्व का बोध, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता पंच प्रण का विषय भी पुरणमल शर्मा ने रखा ,कार्यक्रम मे किन्नर समाज भी उपस्थित रहा।

### पुलिस निरीक्षक एवं दलाल 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) की जयपुर ग्रामीण टीम ने गुरूवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना फुलेरा के पुलिस निरीक्षक चंद्र प्रकाश यादव और उसके दलालहैप्पी माथुर को पचास हज़ार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी जयपुर ग्रामीण को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके भाई को साइबर क्राइम की शिकायत में गिरफ्तार नहीं करने एवं मामला रफा दफा करने के लिए फुलेरा थानाधिकारी चंद्र प्रकाश यादव अपने दलाल हैप्पी माथुर (सीएलजी मेंबर एवं मोबाइल शॉप मालिक) के माध्यम से 70 हज़ार रूपये की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिहाग के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक चंद्र प्रकाश यादव और उसके दलाल हैप्पी माथुर को 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

### 11वा प्रांतीय अधिवेशन 26-27 को

**जयपुर।** राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव गोविंद नाटाणी ने बताया कि संघ का 11वां प्रांतीय अधिवेशन दिनांक 26 एवं 27 अक्टूबर को सेक्टर 8 अरावली मार्ग मानसरोवर जयपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम हेतु गठन समिति के संयोजकों एवं सहसंयोजकों की अति आवश्यक बैठक दिनांक 6.10.2025 सोमवार को दोपहर 3:00 बजे मुख्यालय स्थित संघ कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे हुए कार्यमुक्त

**जयपुर ।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे का तीन वर्षीय कार्यकाल गुरुवार को पूरा हुआ। कार्यवाहक कुलसचिव मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्रो. दुबे विश्वविद्यालय से अपराह्न में कार्यमुक्त हुए।

### लोह पुरुष एकता अवार्ड-2025 के लिए भारत भूषण जैन का चयन

**जयपुर।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के निजी सचिव व समन्वयक अधिकारी भारत भूषण जैन का लोह पुरुष एकता अवार्ड-2025 के लिए चयन किया गया है। जैन को यह अवार्ड अंतराष्ट्रीय समरसता मंच व इंडो नेपाल समरसता आर्गेनाइजेशन भारत रत्न व देश के पहले उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को होने वाले समारोह में प्रदान किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मंगलवार को शासन सचिवालय में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दोनों महान नेताओं के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर सचिवालय परिसर में आयोजित राम धुन कार्यक्रम में उन्होंने‘वैष्णव जन तो तेने कहिये’और‘रघुपति राघव राजा राम’की भक्ति धुनों का श्रवण किया।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गांधी सर्किल, जेएलएन मार्गपर आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया, जहाँ उन्होंने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गांधी सर्किल, जेएलएन मार्गपर आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया, जहाँ उन्होंने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत राम धुनने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मासहित कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से प्रदेशभर में गांधीवादी विचारों, स्वदेशी, अहिंसा और सादगी के मूल्यों को स्मरण कर जनसाधारण को प्रेरणा देने का संदेश दिया गया।

# पच्चीस हजार रुपये का इनामी, पूर्व एन.एस.जी. कमांडो गिरफ्तार

**जयपुर।** आतंकवाद निरोधक दस्ता राजस्थान जयपुर (एटीएस ) टीम ने कार्रवाई कर ड्रग्स तस्करी में पूर्व एनएसजी कमांडो को गिरफ्तार किया है। तेलंगाना-ओडिशा से गांजा की तस्करी कर राजस्थान लेकर आने वाला पूर्व एनएसजी कमांडो पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित था। मुखबिर से मिली जानकारी से कुख्यात ड्रग्स तस्कर के कुक तक पहुंचने पर टीम को सफलता हाथ लगी। फिलहाल गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है।

पुलिस महानिरीक्षक (एटीएस) विकास कुमार ने बताया कि कुख्यात ड्रग्स तस्कर बजरंग सिंह (45) पुत्र भंवर सिंह निवासी शेखावाटी फतेहपुर सीकर को गिरफ्तार किया है। पिछले दो साल से फरार कुख्यात तस्कर बजरंग सिंह पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम रखा गया था। वह तेलंगाना-ओडिशा से गांजे की तस्करी कर राजस्थान लेकर आता था। बड़ी खेप तस्करी कर राजस्थान लाने के बाद छोटे-छोटे हिस्से कर सप्लाई करता था। साल-2023 में तेलंगाना के हैदराबाद के पास 2 क्विंटल गांजा तस्करी के मामले में बजरंग सिंह अरेस्ट हो चुका है। उसके खिलाफ सीकर में भी केस दर्ज है, उसमें कई क्विंटल गांजा बरामद हुआ था।



एटीएस टीम ने कार्रवाई कर ड्रग्स तस्करी में पूर्व एनएसजी कमांडो को गिरफ्तार किया ।

आरोपित बजरंग सिंह ने 10वीं तक पढ़ाई करने के बाद मन नहीं लगने पर पढ़ाई छोड़ दी। कद-काठी अच्छी होने के चलते बीएसएफ में कांस्टेबल के पर पर आसानी से जॉब लग गई। बीएसएम में रहते हुए पंजाब, आसाम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान में रहते हुए देश की सीमाओं की सिक्योरिटी और नक्सलवाद से जूझने का कर्तव्यपरायण परिचय दिया। पहलवान कद-काठी को देखते हुए जल्द ही अधिकारियों की निगाह में आ गया। उसका चयन आतंकवाद से निपटने वाली शीर्ष एनएसजी कमांडो टीम में हो गया। उसने 7 साल तक कमांडो के रूप में अपनी सेवाएं दी। साल-2008 में मुंबई में होटल ताज पर हुए आतंकवादी हमले (26/11) को निपटने वाली कमांडो टीम में शामिल था।

इसके अलावा साल-2021 में अद्धसैंन्य सेवा बलों की अपनी सेवा से रिटायर्ड होकर बजरंग सिंह अपने गांव लौट गया। उसके बाद बजरंग ने राष्ट्रीय दल की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना शुरू कर दिया। बजरंग ने अपनी पत्नी को प्रधान का चुनाव भी लड़ाया, लेकिन चुनाव में जीत नहीं मिली। एक परिचित ने बजरंग को तेलंगाना से गांजे की तस्करी से होने वाले आर्थिक लाभों के बारे में बताया। ओडिशा में जॉब करने के चलते बजरंग को क्षेत्र की पूरी जानकारी थी।

## ‘जयपुर जिले को स्वच्छ, सुंदर, पार्क से सुसज्जित करना हमारा लक्ष्य’

**जयपुर ।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का जिला स्तरीय समापन समारोह 2 अक्टूबर गांधी जयंती, के अवसर पर हरिशचंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान के भगवत सिंह मेहता सभागार में जिला परिषद जयपुर के सौजन्य से आयोजित हुआ। पंचायती राज विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त डॉ जोगाराम एवं डॉ जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में डॉ जोगाराम ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में हुए विकास कार्यों एवं नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता को व्यवहार में लाने के लिए कार्य करें ताकि हमारे गांव भी शहरों के समान स्वच्छ, सुंदर हो। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए सभी को शपथ भी दिलाई।

जिला प्रमुख रमा देवी ने कहा कि जयपुर जिले को स्वच्छ, सुंदर, समृद्ध एवं पार्कों से सुसज्जित करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।



समारोह में डॉ जोगाराम ने प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए सभी को शपथ दिलाई।

प्रतिभा वर्मा ने जयपुर जिले में स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए नवाचारो पर प्रस्तुति देते हुए बताया कि राज्य की प्रथम प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाई, गोवर्धन परियोजना, वेस्ट टू आर्ट कलाकृतियां सांगानेर की ग्राम पंचायत पंचालिया में की गई साफ-सफाई तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण हेतु ग्राम पंचायत में स्थापित किए गए बर्तन बैंक आदि नवाचार जयपुर जिले में किए गए है।

## देवनानी ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सम्मेलन में रवाना होने से पूर्व राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने दोनों गणमान्य व्यक्तियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी और सम्मेलन से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने देवनानी को इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मेलन न केवल भारत, बल्कि राजस्थान विधानसभा की गौरवशाली संसदीय परंपराओं को वैश्विक मंच पर साझा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। राज्यपाल बागडे के साथ हुई भेंट में राज्य कीउच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयोंपर भी चर्चा हुई, वहीं मुख्यमंत्री के साथ राज्य के अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

## राष्ट्रहित में आर.एस.एस. का योगदान सराहनीय : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के100 वर्ष पूर्ण होनेके उपलक्ष्य में आयोजित शताब्दी वर्ष और विजयदशमी उत्सव के अवसर पर जयपुर के गालव नगर स्थित लक्ष्मीनारायण बस्ती में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी भाग लिया और संघ कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा,राष्ट्रिहत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। संघ का योगदान ‘विकसित और आत्मनिर्भर भारत’ के निर्माण में अनुकरणीय है। हम सभी के सहयोग से भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, जो गर्व की बात है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मीनारायण मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना भी की।

कार्यक्रम में संघ स्वयंसेवकों ने पारंपरिक गणवेश में अनुशासित पथ-संचलन, व्यायाम योग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियोंके माध्यम से संघ के संगठनात्मक एकता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। इस अवसर परअखिल भारतीय घुमंतू प्रमुख दुर्गादास,भाग संघचालक अशोक जैन और अशोक शर्मा ने भी संघ की राष्ट्रसेवा के विभिन्न पहलुओं पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने संघ के 100 वर्षों की यात्रा को एक गौरवशाली उपलब्धिके रूप में मनाया।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जयपुर रेलवे स्टेशन पर श्रमदान किया

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर उत्तर पश्चिम रेलवे पर 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है तथा 2 से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता एवं लंबित मामलों के निपटान हेतु विशेष अभियान 5.0 भी चलाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान बुधवार 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जयपुर रेलवे स्टेशन पर मंजू शर्मा-माननीया सांसद-जयपुर शहर,मदन राठौड़-माननीय बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान,गोपाल शर्मा-माननीय विधायक सिविल लाइंस जयपुर,सौम्या गुर्जर-माननीय मेयर जयपुर ग्रेटर नें श्रमदान अभियान चलाकर सफाई की। साथ ही जयपुर मंडल के अन्य रेलवे स्टेशनों पर रेलकर्मियों ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में सहयोग किया।



सांसद मंजू शर्मा, मदन राठौड़, गोपाल शर्मा नें जयपुर रेलवे स्टेशन पर श्रमदान किया ।

पूजा मित्तल -वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अनुसार जयपुर मंडल पर 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों,कार्यालयों,स्वास्थ्य केंद्रों,रेलवे कालोनियों,रेल परिसर इत्यादि में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े की शुरुआत दिनांक 01.10.2025 बुधवार को स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छता जागरूकता दिवस के रूप में की गई। डीआरएम जयपुर रवि जैन ने मंडल कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता पखवाड़े में अधिक से अधिक सहभागिता के उद्देश्य से स्वच्छता शपथ दिलाई।

डीआरएम जयपुर रवि जैन ने मंडल कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मंडल कार्यालय में श्रमदान किया। इसी क्रम में दिनांक 3 एवं 4 अक्टूबर को स्वच्छ स्टेशन दिवस,5 एवं 6 अक्टूबर को स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस,7 अक्टूबर को स्वच्छ पटरी दिवस, 8 अक्टूबर को स्वच्छ परिसर दिवस,9 व 10 अक्टूबर को स्वच्छ आहार दिवस,11 अक्टूबर को स्वच्छ नीर दिवस,12 अक्टूबर को स्वच्छ प्रसाधन एवं पर्यावरण दिवस,13 अक्टूबर को स्वच्छ स्पर्धा दिवस के रूप में मनाया जाएगा व 14 अक्टूबर को ''एकल उपयोग प्लास्टिक को ना'' थीम पर जागरूकता कार्यक्रम तथा 15 अक्टूबर को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली जाएगी। स्वच्छता पखवाड़े के साथ-साथ ही रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय के आदेशानुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर 31 अक्टूबर तक स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 5.0 चलाया जा रहा। जिसके अंतर्गत ट्रेनो, रेलवे स्टेशनो,रेलवे कार्यालय आदि पर स्वच्छता बढ़ाने के साथ ही जनसाधारण से संबंधित लंबित

- 15 अक्टूबर को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली जाएगी

## रोड का शुभारंभ किया

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर के अजमेर दिल्ली हाईवे स्थित वार्ड नंबर 6 में सीसी और डामर की सड़क के कार्य का शुभारंभ किया गया। उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी के निर्देशन पर ओएसडी हनुमान सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा और पार्षद महेश अग्रवाल ने विधिविधान के साथ पूजा अर्चना करके जेसीबी पर श्रीफल चढ़ाकर कार्य की शुरुआत की।

इस सड़क का निर्माण हर्ष होटल से 80 फीट रोड पंडित जी के चौराहा तक, वहीं जेपी प्रॉपर्टीज से ब्रजबाल स्कूल तक, बर्ज कॉलोनी की 60 फीट रोड बनाई जाएगी, साथ ही डिवाइडर भी बनाए जाएंगे, यह रोड जेडीए द्वारा बनाई जाएगी जिसकी लागत करीब दो करोड़ रुपये है। इसमें 80 फीट रोड पर डिवाइडर बनाए जाएंगे।

पार्षद महेश अग्रवाल के अथक प्रयासों से दीयाकुमारी के निर्देशन पर यह रोड स्वीकृत की गई। स्थानीय लोगों ने उपमुख्यमंत्री और स्थानीय पार्षद का आभार व्यक्त किया।